Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 20 नवंबर, 2023

इंदिरा गांधी जयंती

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी** को उनकी जयंती (19 नवंबर, 1917 को इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में) पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

- इंदिरा गांधी, जिन्हें **भारत की आयरन लेडी** के नाम से भी जाना जाता है, **भारत की तीसरी और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थीं**, जिन्होंने वर्ष 1966 से वर्ष 1977 तथा वर्ष 1980 से वर्ष 1984 तक अपनी सेवाएँ दी।
  - वह भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी थीं।
- उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ वर्ष 1971 के युद्ध **में** भारत को विजय मिली, जिसके **परिणामस्वरूप बांग्लादेश** का निर्माण हुआ।
- उन्होंने **वर्ष 1975 में** नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को निलंबित करते हुए आपातकाल लागू कर दिया।
- स्वर्ण मंदिर में सिख आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई, ऑपरेशन ब्लू स्टार के प्रतिशोध में उनकी हत्या कर दी गई थी।
- उन्हें वर्ष 1984 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

[//]

और पढ़ें...[भारत-पाक युद्ध: 1971](), [ऑपरेशन ब्लू स्टार के]()

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

प्रधानमंत्री ने भारतीय नारी शक्ति की वीरता की प्रतीक [रानी लक्ष्मीबाई]() को उनकी जयंती (19 नवंबर, 1828, वाराणसी, उत्तर प्रदेश) पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

- रानी लक्ष्मीबाई, जिनका मूल नाम मणिकर्णिका था, **भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बहादुर योद्धाओं में से एक थीं** और **मराठा शासित झाँसी रियासत** की रानी थीं।
- 14 वर्ष की उम्र में मणिकर्णिका का विवाह झाँसी के महाराजा गंगाधर राव नेवालकर से हुआ। अतः मणिकर्णिका झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई बन गई।
    - रानी लक्ष्मीबाई ने एक पुत्र को जन्म दिया जिसकी जन्म के तीन महीने बाद ही मृत्यु हो गई। बाद में दंपति ने गंगाधर राव के परिवार से एक बेटे दामोदर राव को गोद ले लिया।
- वर्ष 1853 में जब झांसी के महाराजा की मृत्यु हुई, तो लॉर्ड डलहौज़ी ने बच्चे को उत्तराधिकारी स्वीकार करने से इनकार कर दिया और [व्यपगत का सिद्धांत (Doctrine of Lapse)]() **को लागू किया** तथा राज्य पर कब्ज़ा लिया।
    - इस नीति के अनुसार कोई भी रियासत जो **ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण में थी और जहाँ शासक के पास कानूनी रूप से पुरुष उत्तराधिकारी नहीं था,** उस पर कंपनी द्वारा कब्ज़ा कर लिया जाता था।
- वह [1857 के भारतीय विद्रोह]() **की प्रमुख व्यक्तित्वों में से एक** थीं।
- रानी लक्ष्मीबाई ने **अंग्रेज़ों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी** ताकि झाँसी साम्राज्य को विलय से बचाया जा सके।

- **17 जून, 1858** को युद्ध के मैदान में लड़ते हुए उनकी मौत हो गई।
- **भारतीय राष्ट्रीय सेना** ने अपनी पहली महिला इकाई (1943 में) **का नाम झाँसी की बहादुर रानी** के नाम पर रखा गया था।

और पढ़ें... रानी लक्ष्मीबाई

मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन उत्पादन की AI-संचालित विधि

शोधकर्त्ताओं ने मंगल ग्रह के उल्कापिंडों **से ऑक्सीजन का उत्पादन करने के लिये** AI-संचालित **रसायन विज्ञान** का उपयोग करके एक अभूतपूर्व विधि तैयार की है।

- **उल्कापिंडों को यौगिकों में परिवर्तित करके और उत्प्रेरक बनाकर** इस AI-रसायनज्ञ ने नकली मंगल ग्रह की स्थितियों के तहत ऑक्सीजन का उत्पादन करने की क्षमता का प्रदर्शन किया, जो आत्मनिर्भर **मंगल ग्रह की खोज** की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण छलांग है।
- यह अभिनव दृष्टिकोण स्वदेशी संसाधनों के उपयोग की क्षमता को उजागर करता है, भविष्य के मिशनों को लागत-प्रभावशीलता और कम जटिलता की ओर ले जाता है।

ऑस्ट्रेलिया ने ICC पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 जीता

क्रिकेट विश्व कप 2023 के अंतिम मुकाबले में**ऑस्ट्रेलिया ने** अहमदाबाद स्थित **नरेंद्र मोदी स्टेडियम** में **भारत के खिलाफ छह विकेट के अंतर** से **जीत हासिल की**।

- मैच में ऑस्ट्रेलिया के **ट्रैविस हेड** का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने शतक जमाया।
- इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया के **छठे विश्व कप खिताब** को चिह्नित किया, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया क्योंकि उसने इससे पहले टूर्नामेंट के **1987, 1999, 2003, 2007 व 2015** संस्करणों में जीत हासिल की थी।
    - भारत ने वर्ष 1983 और वर्ष 2011 में दो बार विश्व कप में जीत हासिल की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-20-november,-2023